**प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र**

**2024–2025**

**चित्रकला (केवल प्रश्नपत्र)**

**कक्षा–10**

समय 3 घण्टे 15 मिनट — पूर्णांक– 70

**नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिये निर्धारित है।**

निर्देशः–(1) अपना अनुक्रमांक दिये गये ड्राइंग शीट के कवर पेज पर स्पष्ट अंकों एवं शब्दों में लिखिये तथा केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षर युक्त मुहर प्रत्येक प्रपत्र पर लगवा कर कक्ष निरीक्षक से सभी पृष्ठों पर स्पष्ट हस्ताक्षर भी कराइये।

(2) प्रश्नपत्र क,ख और ग, तीन खण्डों में विभक्त है। तीनो खण्डों को हल करना अनिवार्य है।

## खण्ड–क

–इस खण्ड में 'आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' के प्रत्येक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें से किसी एक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

–आपके द्वारा' आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' में से जिस भाग का चयन किया गया हो उसे ओ0एम0आर0 शीट पर अवश्य अंकित करें।

## आलेखन कला — 20 अंक

(i) निम्नलिखित प्रत्येक बहुविकल्पीय के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये

1– मुख्य रंग कितने है–

(A) तीन (B) दो (C) पाँच (D) सात

2– इनमें शीतल (ठण्डा) रंग कौन–सा है?

(A ) हरा (B ) लाल (C ) नारंगी (D ) पीला

3– निम्न में से कौन सा रंग गरम है?

(A ) लाल (B ) नीला (C ) हरा (D ) धानी

4– ओस्टवाल्ड चक्र में कितने रंग होते है?

(A ) आठ (B ) सात (C ) छः (D ) पाँच

5– निम्नलिखित में द्वितीयक रंग कौन–सा है?

(A ) नारंगी (B ) लाल (C ) पीला (D ) नीला

6– तटस्थ रंग कौन–से है?

(A ) सफेद–काला (B ) नारंगी–पीला (C ) लाल–नीला (D ) हरा–पीला

7– प्राथमिक अथवा मुख्य रंग कौन– कौन से है?

(A) हरा–आसमानी–पीला (B)लाल–नीला–पीला (C)काला–सफेद–भूरा (D) नारंगी–धानी– आसमानी

8– कौन से रंगों का माध्यम पारदर्शी होता है?

(A ) जल रंग(वॉटर कलर) (B ) तैल रंग (C ) एक्रेलिक रंग (D ) पेस्टल रंग

9– सफेद का विरोधी रंग कौन सा है?

(A ) काला (B ) नीला (C ) आसमानी (D ) नारंगी

10– लाल रंग में नीला रंग मिलाने पर कौन सा रंग बनेगा?

(A ) बैगनी (B ) आसमानी (C ) नारंगी (D ) भूरा

11– पीले रंग में लाल रंग मिलाने पर कौन सा रंग बनेगा?

(A ) नारंगी (B ) धानी (C ) बैगनी (D ) आसमानी

12– द्वितीयक रंग कितने होते है?

(A ) 6 (B I) 2 (C ) 10 (D ) 3

13– पीले रंग का विराधी रंग कौन सा है?

(A ) नीला (B ) सफेद (C ) हरा (D ) धानी

14– इन्द्रधनुष में कितने रंग होते है?

(A ) सात (B ) आठ (C ) नौ (D ) दस

15– कला शब्द किस भाषा का है?

(A ) संस्कृत (B ) हिन्दी (C ) फारसी (D ) पाली

16– कौन सी पेन्सिल से बनाई गयी रेखा अधिक काली होती है?

(A ) 2 B (B ) HB (C ) 2 H (D ) H

17– कौन सी पेन्सिल से बनाई गयी रेखा हल्की होती है?

(A ) 2H (B ) HB (C ) 2B (D ) 4B

18– फूल और कली के बाहरी रेखाओं को बनाने के लिये किस न0 के ब्रश का उपयोग करना चाहिये?

(A ) 2न0 (B ) 4न0 (C ) 6न0 (D ) 7न0

19– बनावट की दृष्टि से आलेखन कितने प्रकार के होते है?

(A ) चार प्रकार के (B ) दो प्रकार के (C ) तीन प्रकार के (D ) छः प्रकार के

20– छत के केन्द्र को अलंकृत करने के लिये कौन सा आलेखन उपयुक्त होगा?

(A) केन्द्रीय आलेखन (B) कोने का आलेखन (C) किनारी का आलेखन (D) इनमें से कोई नहीं।

अथवा

**प्राविधिक कला** 20 अंक

(ii) निम्नलिखित प्रत्येक बहुविकल्पीय के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये।

1– समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है?

(A) $60^0$ (B) $45^0$ (C) $30^0$ (D) $90^0$

2– सम्पूर्ण कोण होता है?

(A) $360^0$ (B) $120^0$ (C) $180^0$ (D) $60^0$

3– समकोण कितने अंश का होता है?

(A) $90^0$ (B) $45^0$ (C) $60^0$ (D) $120^0$

4– वर्ग का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है?

(A) $90^0$ (B) $45^0$ (C) $180^0$ (D) $60^0$

5– एक वर्ग के आंतरिक कोणों का योग होता है?
(A) $360^0$ (B) $180^0$ (C) $220^0$ (D) $120^0$

6– कौन सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा अधिक काली होगी?
(A) 2 B (B) 2 H (C) 4H (D) H

7– वर्ग की चारों भुजाओं की नाप क्या होती है?
(A) चारों भुजा बराबर (B) बडी छोटी (C) आमने सामने बराबर (D) इनमें से कोई नही।

8– मापनी में पहले बड़े मुख्य भाग लिखा जाता है–
(A) 0 (B) 1 (C) 6 (D) कोई भी अंक

9– एक मीटर में कितने सेमी होते है?

(A) 100 (B) 1000 (C) 10 (D) 10000

10– वृत्त का आकार कैसा होता है?

(A) O (B) Δ (C) □ (D) इनमें से कोई नही।

11– इनमें से कौन सा आकार आयताकार है?

(A) □ (B) O (C) ▭ (D) Δ

12– इनमें से कौन सा आकार त्रिभुजाकार है?

(A) Δ (B) □ (C) O (D) इनमें से कोई नही।

13) रेखा किसे कहते है?

(A) दो बिन्दुओं के बीच की दूरी

(B) सीधी रेखा

(C) तीन बिन्दुओं के बीच की दूरी

(D) इनमें से कोई नहीं।

14) निम्नलिखित में से कौन एक अधिक कोण है?

(A) 90° से बड़ा लेकिन 180° से कम

(B) 60° से बड़ा लेकिन 120° से कम

(C) 360° से छोटा लेकिन 180° से अधिक

(D) उपर्युक्त सभी

15) समबाहु त्रिभुज किसे कहते है?

(A) इसके तीनों भुजाओं के अंतः कोण बराबर होते हैं।

(B) इसके तीनो भुजायें छोटी बड़ी होती हैं।

(C) आमने सामने की भुजा बराबर होती है।

(D) इनमें से कोई नहीं।

16) 180° के कोण को क्या कहते हैं?

(A) सरल कोण या ऋजु कोण

(B) अधिक कोण

(C) समबाहु कोण

(D) इनमें से कोई नहीं।

17) वर्ग किसे कहते हैं?

(A) जिसकी चारों भुजायें बराबर होती हैं।

(B) जिसकी तीनों भुजायें बराबर होती हैं।

(C) जिसकी दोनों भुजायें बराबर होती हैं।

(D) जो गोल हो।

18) 1 डेसीमीटर में कितने सेंटीमीटर होते है?

(A) 10 सेमी0

(B) 20 सेमी0

(C) 40 सेमी0

(D) 30 सेमी0

19) 1 मीटर में कितने डेसीमीटर होते हैं?

(A) 10 डेसीमीटर

(B) 40 डेसीमीटर

(C) 20 डेसीमीटर

(D) 50 डेसीमीटर

20) कौन सी पेन्सिल से बनी रेखायें हल्की होती हैं?

(A) 1H

(B) HB

(C) 2H

(D) इनमें से कोई नहीं।

**खण्ड– "ख"**

30 अंक

खण्ड 'ख' के 'प्राकृतिक दृश्य– चित्रण' अथवा 'आलेखन कला' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है।

## <u>(प्राकृतिक दृश्य चित्रण)</u>

1–(अ) दिये गये ड्राइंग शीट पर 22 x 18 सेमी के आयत में ग्रामीण सूर्योदय का दृश्य–चित्रण कीजिये, खेत की ओर जाते हुये किसान का चित्र तथा आकाश में कुछ पक्षी, गाँव की झोपड़ियाँ तथा कुएं के पास घास चरती एक गाय का चित्र बनाइये। चित्रांकन में वाटर कलर या पेस्टल रंगों का प्रयोग करें। चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान दीजियेः–

| | | |
|---|---|---|
| क | सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य | –10 अंक |
| ख | संयोजन | –05 अंक |
| ग | सुसंगत रंगों का चयन एवं प्रयोग | –10 अंक |
| घ | आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव | –05 अंक |

अथवा

## (आलेखन)

(ब) दिये गये ड्राइंग शीट पर 16 x 12 सेमी के आयत में खिड़की के परदे के लिए एक इकाई वाला लयबद्व आलेखन चित्रित कीजिए, जिसमें किसी भारतीय पुष्प, कलियों एवं पत्तियों का सुन्दर संयोजन हो। आलेखन में मछली का लयपूर्ण संयोजन हो, तथा रंग–योजना उत्तम हो। आलेखन में कम से कम तीन संगति वाले जल रंगों का प्रयोग कीजिये। आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विषेश ध्यान दीजियेः–

| | | |
|---|---|---|
| **क** | इकाई की मौलिकता | –10 अंक |
| **ख** | लयात्मक रेखांकन | –05 अंक |
| **ग** | उत्तम रंग संगति | –10 अंक |
| **घ** | आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव | –05 अंक |

**अथवा**

(स) (प्राविधिक कला) **3 x 10 = 30 अंक**

नोटः–

i. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

ii. रचना में निर्दिश्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हो।

iii. रचना में रचनात्मक रेखायें न मिटाये।

iv. रफ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिये। इसे भी अपने उत्तर–पत्र के साथ संलग्न कर दीजिये।

(क) दो असमान वृत्त क और ख की अनुस्पर्शी (बाहरी) उभयनिष्ठ स्पर्श रेखायें खींचिये।

(ख) एक त्रिभुज जिसकी भुजायें क्रमशः 4 सेमी, 3.5 सेमी तथा 3 सेमी है, के अन्तर्गत एक वृत की रचना कीजिये जो त्रिभुज की तीनों भुजाओं को स्पर्श करे।

(ग) एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइये, जिसका प्रत्येक आधार कोण $50^\circ$ का हो। इसके अन्तर्गत एक अर्द्धवृत्त की रचना कीजिये।

(घ) किसी चतुर्भुज क, ख, ग, घ के क्षेत्रफल के बराबर त्रिभुज की रचना कीजिये।

(ङ) एक मापनी खींचिये जिसमें 2.5 सेमी, 1 मीटर की दूरी प्रदर्शित करती है एवं जिसमें मीटर तथा डेसीमीटर पढ़े जा सकें। मापनी का निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिये। मापनी पर 3 मीटर, 6 डेसीमीटर की दूरी प्रदर्शित कीजिये।

## खण्ड – ग

**(स्मृति–चित्रण)** **10+10 अंक**

2 इस प्रश्न के दो भाग हैं क तथा ख। दोनों ही भागों के चित्र बनाना अनिवार्य है।

(क) निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति–चित्रण पेन्सिल के माध्यम् से बनाइये। चित्र की माप 15 सेमी से कम न हो।

(i) पत्तियों सहित आम

(ii) पत्तियों सहित अनार

(iii) पत्तियों सहित मूली

(iv) लौकी।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें:–

(i) रेखा सौष्ठव —4 अंक

(ii) आकृति की अनुरूपता —6 अंक

**(ख)** निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति–चित्रण पेन्सिल के माध्यम से बनाइये। चित्र की माप 15 सेमी से कम न हो।

(i) सुराही

(ii) खुला छाता

(iii) कप और प्लेट

(i) जग।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें:–

(ii) रेखा सौश्ठव —4 अंक

(iii) आकृति की अनुरूपता —6 अंक

**अथवा**

**(भारतीय चित्रकला)**

2 (क) भारतीय चित्रकला की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन संक्षेप में कीजिए। 10 अंक

अथवा

अजंता की गुफाओं के विषय में संक्षेप में लिखिए। – 10 अंक

अथवा

भारतीय चित्रकला में रंगों का प्रयोग एवं महत्व बताइये। 10 अंक

**2.(ख)निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर क्रमवार लिखिए।**

(i) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं? 1 अंक

(A) 4 (B) 6 (C)7 (D) 8

(ii) निम्नलिखित में द्वितीयक रंग कौन सा है ? 1 अंक

(A) लाल (B)पीला (C)नारंगी (D) नीला

(iii) तटस्थ रंग कितने होते हैं? 1 अंक

(A) 4 (B) 6 (C) 2 (D) 1

(iv) अजंता की प्रसिद्ध गुफायें किस राज्य में स्थित हैं? 1 अंक

(A) मध्य प्रदेश (B) महाराष्ट्र, (C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

(v) मुगल काल के प्रसिद्ध चित्रकार थे– 1 अंक

(A) रामसुन्दर, (B) मंसूर, (C) रामलाल, (D) बिशनदास

2.(ग)निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर क्रमवार लिखिए।

(i) प्रागैतिहासिक काल की गुफाओं के चित्रों के प्रमुख विषय क्या थे? 1 अंक

(A) व्यक्ति चित्र (B) प्राकृतिक दृश्य (C) आखेट के दृश्य (D) आलेखन

(ii) ''दो शोकाकुल नारी'' भित्ति–चित्र कहाँ अंकित है? 1 अंक

(A) अजन्ता (B) बाघ (C) बादामी (D) सित्तनवासल

(iii) भारतवर्ष में प्रागैतिहासिक चित्र 'जिराफ ग्रुप' कहाँ पाया जाता है ? 1 अंक

(A) मिर्जापुर (B) आदमगढ़ (C) रायगढ़ (D) पंचमढ़ी

(iv) प्रागैतिहासिक चित्रों में मुख्य रूप से कौन सा रंग प्रयुक्त हुआ है? 1 अंक

(A) बैंगनी (B) हरा (C) गेरू (D) पीला

(v) कांगड़ा शैली के मुख्य उन्नायक कौन थे? 1 अंक

(A) संसार चंद (B) घमंड चंद (C) सावंत सिंह (D) रूपचंद